पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

विजय दशमी पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 21 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने विजय दशमी एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि दशहरा एवं दुर्गा पूजा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखते हुए आपसी भाईचारे के माहौल में पर्व को मनायें। इसी में देश, प्रदेश और समाज का कल्याण निहित है।